# वित्त मंत्रालय

## सीजीएसटी लुधियाना ने कई फर्मों से जुड़े 180 करोड़ रुपये के जीएसटी धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया; अब तक 2 गिरफ्तारियाँ

**लुधियाना: 12 जुलाई, 2025**

फर्जी जीएसटी चालान जारी करने और धोखाधड़ी से रिफंड का दावा करने वाले एक नेटवर्क के संबंध में 08.07.2025 को की गई गिरफ्तारी के सिलसिले में, सीजीएसटी लुधियाना की कर चोरी निरोधक शाखा ने 11.07.2025 को एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दो फर्जी फर्मों का नियंत्रक और संचालक होने के नाते, वह फर्जी जीएसटी चालान जारी करने और गलत रिफंड की सुविधा प्रदान करने वाले इस गठजोड़ में एक प्रमुख खिलाड़ी पाया गया, जिससे सरकार को भारी नुकसान हुआ।

अब तक की जाँच से पता चला है कि यह सिंडिकेट कई फर्जी फर्मों का संचालन कर रहा था, जिन्होंने 1786 करोड़ रुपये के कर योग्य मूल्य के फर्जी जीएसटी चालान जारी किए थे और वस्तुओं या सेवाओं की वास्तविक आपूर्ति के बिना लगभग 180 करोड़ रुपये का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पारित किया था। इन आईटीसी का इस्तेमाल इनवर्टिड ड्यूटी ढांचे पर जीएसटी रिफंड पाने के लिए किया जाता है।

इस नेटवर्क की एक फर्म ने गैर-मौजूद आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त आईटीसी के आधार पर धोखाधड़ी से 8.74 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड प्राप्त किया था। उसे पहले 08.07.2025 को गिरफ्तार किया गया था।

इस मामले में अब तक हुई दो गिरफ्तारियों के साथ, नेटवर्क की पूरी सीमा का पता लगाने और इसमें शामिल अन्य संस्थाओं की पहचान करने के लिए जाँच जारी है।

सीजीएसटी लुधियाना आयुक्तालय द्वारा कर धोखाधड़ी का पता लगाने और सरकारी राजस्व की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

*************

**पीआईबी चंडीगढ़: शीनम/रूस**